# उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**(दिनांकः 01 जून 2017 से 15 जून 2017)**




उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में दिनांकः 01 जून 2017 से 15 जून 2017 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम के मार्गदर्शन में किया गया जिसका समापन दिनांकः 15 जून 2017 को हुआ। पखवाड़े के दौरान निदेशक महोदय ने स्वच्छता के महत्व एवं परिसर एवं अपने आस-पास के स्थानों में स्वच्छता बनाये रखने हेतु कारगर उपायों के बारे में विस्तृत रुप से बताया । पखवाड़े के दौरान संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यालय परिसर, प्रायोगिक क्षेत्रों, रोपणियों एवं अन्य स्थानों की साफ-सफाई का कार्य किया गया । स्वच्छता पखवाड़े के दौरान संस्थान के निदेशक महोदय के निर्देश पर संस्थान परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, विश्राम गृह, सामुदायिक भवन, छात्रावास, रोपणियों, जलपानगृह, सड़क मार्ग के दोनों तरफ़ आदि स्थानों पर कूड़ेदान रखवाये गये । संस्थान परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों को पॉलीथीन मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं । स्वच्छता पखवाड़े में संस्थान के समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं शोध प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।



स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक महोदय द्वारा पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु वन विस्तार प्रभाग, सम्पत्ति प्रभाग, समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं शोध प्रशिक्षणार्थियों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया ।

# स्वच्छता पखवाड़े की झलकियाँ








































# मीडिया कवरेज

नईदुनिया लाइव
जबलपुर, रविवार 18 जून 2017 www.naidunia.com

## स्वच्छता बनाए रखने के बताए उपाय

**जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर**



अपने आसपास के स्थानों में किस तरह स्वच्छता रखी जा सकती है, इसके कारगर उपाय उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम ने स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर बताए। इस दौरान संस्थान की प्रयोगशालाओं, कार्यालय परिसर, रोपणियों आदि की साफ-सफाई की गई। पखवाड़े के दौरान परिसर स्थित कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, विश्राम गृह, सामुदायिक भवन, छात्रावास, रोपणियों, जलपानगृह, सड़क के दोनों तरफ कूड़ेदान रखवाए गए। आसपास के क्षेत्रों को पॉलीथिनमुक्त बनाने प्रयासों पर जोर दिया।

June 15, 2017

city भास्कर
JABALPUR, SATURDAY, 17/06/2017

# सबने जाना स्वच्छता का महत्व

**जबलपुर•** उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ। इस दौरान सभी ने स्वच्छता का महत्व को समझा एवं परिसर के आस-पास स्थानों में सफाई की। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. यू.प्रकाशम का मार्गदर्शन रहा, उन्होंने समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया।

The Hitavada
JABALPUR ■ Saturday ■ June 17 ■ 2017

# Cleanliness fortnight at TFRI concludes

■ Staff Reporter

A CLEANLINESS fortnight programme concluded under the head of Bharat Swachhta Abhiyan at Tropical Forest Research Institute (TFRI). Cleanliness fortnight programme was organised under direction of TFRI Director Dr U Prakasham from June 1 to 15.

During the programme, a large number of officials, scientists, scholars and employees actively participated in cleanliness programme organised at all laboratories, office premises, practical areas, nurseries, rest house, community hall, hostel, canteen, road and other areas.

TFRI Director Dr U Prakasham congratulated officers and employees of extension department, asset department, scientists, researchers, employees and research scholars for successful organisation of cleanliness campaign and made an appeal to ensure cleanliness in their respective places.



TFRI officers and employees during cleanliness fortnight programme.

June 15, 2017